## मध्य प्रदेश राज्य सेवा सामान्य (प्रारंभिक परीक्षा) 2015-अध्ययन प्रश्न पत्र

**1. "वर्ल्ड इकॉनोमिक आउटलुक रिपोर्ट" कौन जारी करता है ?**

(A) विश्व बैंक **(B) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष**
(C) एशियाई विकास बैंक (D) अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर संघ

**व्याख्या-**वर्ल्ड इकॉनोमिक आउटलुक रिपोर्ट अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा जारी की जाती है। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की स्थापना 27 दिसम्बर, 1945 ई. में हुई और इसका मुख्यालय-वाशिंगटन डी. सी. (संयुक्त राष्ट्र अमेरिका) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की भूमिका में सदस्य देशों को विदेशी विनिमय में सुविधा, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार एवं भुगतान को प्रोत्साहन तथा सदस्य देशों की आर्थिक उन्नति में मदद के लिए अन्तराष्ट्रीय तंत्र की मजबूती।

**2. 'मैत्री एक्सप्रेस रेल सेवा का सम्बन्ध किससे है ?**

(A) भारत-पाकिस्तान **(B) भार-बांग्लादेश**
(C) भारत-नेपाल (D) भारत-भूटान

**व्याख्या-** भारत-बांग्लादेश के बीच-मैत्री एक्सप्रेस रेल सेवा चलायी गई। समझोता एक्सप्रेस रेल सेवा भारत- पाकिस्तान के बीच चलाई गई थी।

**3. 'आडी' किस देश की कार बनाने वाली कम्पनी है ?**

(A) जापान **(B) जर्मनी**
(C) इंग्लैण्ड (D) भारत

**व्याख्या-**ऑडी और BMW दोनों ही लक्जरी कारों का निर्माण जर्मनी में होता है।
- इसके CEO रूपर्ट स्टेडलर है।
-होण्डा कम्पनी जापान में है।

**4. 'इग्नाइटिस माइन्ड्स' नामक किताब किसने लिखी ?**

(A) विक्रम सेठ (B) दलाई लामा
(C) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम (D) अनीता देसाई

**टिप्पणी-** यह प्रश्न लोक सेवा आयोग द्वारा अमान्य घोषित किया गया तथा प्रश्न पत्र से इसे निरस्त कर दिया गया।

**5. मध्य प्रदेश की सरकार ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अभियान का ब्रांड एम्बेसेडर किसे नियुक्त किया है ?**

(A) ऐश्वर्या राय बच्चन **(B) माधुरी दीक्षित**
(C) सानिया मिर्जा (D) सायना नेहवाल

**व्याख्या-** ममता अभियान प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित प्रदेश के नवजात शिशुओं के जीवित और स्वस्थ रहने की संभावनाओं को यथार्थ में बदलने और इसके लिये मातृत्व तथा शिशु स्वास्थ्य औव परिवार के कल्याण को सुनिश्चित और सक्षम बनाने का एक सामाजिक अभियान है।
प्रारम्भ 11 अप्रैल, 2013 में प्रथण चरण 26 जून 2013 में द्वितीय चरण ममता अभियान के संचालनकर्ता- यूनिसेफ, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं मध्यप्रदेश सरकार | नवजात शिशु एवं मातृत्व को सुरक्षित एवं सक्षम जीवन प्रदान करना।

**6. "यू एण्ड मी' अभियान किससे सम्बन्धित है ?**

(A) हैजा से (B) डेंगू से

(C) मलेरिया से (D) एड्स से

**व्याख्या-** यू एण्ड मी डेंगू से सम्बन्धित है। इस अभियान की शुरुआत 11 मार्च, 2014 को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशीप (PPP) के आधार पर भारत के छ : शहरों में दिल्ली, मुम्बई, बैंगलुरु, कोलकाता, पूणे और अहमदाबाद में डेंगू को खत्म करने के लिये चलाया गया।

7. म. प्र. राज्य संग्रहालय भोपाल को पूर्व में किस नाम से जाना जाता था ?

(A) किंग जॉर्ज संग्रहालय (B) एडवर्ड संग्रहालय

(C) वाकणकर संग्रहालय (D) भण्डारकर संग्रहालय

**टिप्पणी-** यह प्रश्न लोक सेवा आयोग द्वारा अमान्य घोषित किया गया तथा प्रश्न पत्र से इसे निरस्त कर दिया गया।

8. 'शाहनामा' का लेखक कौन था ?

(A) उतबी (B) फिरदौसी

(C) अलबरूनी (D) बरनी

**व्याख्या-** फिरदौसी ने ' शाहनामा ' नामक किताब लिखी।

**9. संस्कारों की कुल संख्या कितनी है ?**

(A) 10 (B) 12

(C) 15 (D) 16

व्याख्या- संस्कारों की कुल संख्या 16 है।

**10. अभिलेखों में किस शासक का उल्लेख ' पियदस्सी ' एवं ' देवनामप्रिय ' के रूप में किया गया है ?**

(A) चन्द्रगुप्त मौर्य (B) अशोक

(C) समुद्रगुप्त (D) हर्षवर्धन

**व्याख्या-** अभिलेखों में शासक अशोक का उल्लेख “पियदस्सी एवं देवानामप्रिय" के रूप में किया गया है।अशोक को-पुराणों में अशोक वर्धन के नाम से जाना जाता है।

11. इण्डिका ' का लेखक कौन था ?

(A) प्लूटार्क (B) जस्टिन

(C) हेरोडोटस (D) मैंगस्थनीज

**व्याख्या-** मैंगस्थनीज ने इण्डिका नामक किताब लिखी। मैगस्थनीज ने भारतीय समाज को सात वर्गों में विभाजित किया है (1) दार्शनिक, (2) किसान, (3) आहीर, (4) कारीगर, (5) सैनिक, (6) निरीक्षक, (7) सभासद आदि।

**12. रेग्यूलेटिंग एक्ट किस वर्ष पारित किया गया था ?**

(A) 1753 (B) 1757

(C) 1764 (D) 1773

**व्याख्या-** सन् 1773 ई. में रेग्यूलेटिंग एक्ट पारित किया | गया था। इसकी मुख्य बातें इस प्रकार है-(I) कम्पनी के शासन पर संसदीय नियंत्रण स्थापित किया गया। (II) कलकत्ता में एक सुप्रीम कोर्ट की स्थापना की गई।

13. विलियम बैंटिक के द्वारा सती प्रथा किस वर्ष समाप्त की गई ?

(A) 1825 ई. (B) 1827 ई.

(C) 1829 ई. (D) 1830 ई.

**व्याख्या-** विलियम बैटिक के द्वारा सतीप्रथा 1829 में समाप्त की गई।

-राजा राम मोहनराय के सहयोग से बैटिंक ने 1829 ई. में सती-प्रथा को समाप्त कर दिया। बैटिक ने इस प्रथा के खिलाफ कानून बनाकर दिसम्बर, 1829 ई. में धारा, 17 के द्वारा विधवाओं के सती प्रथा होने को अवैध घोषित कर दिया।

**14. कौन-सा मुगल बादशाह 'रंगीला' के नाम से जाना जाता है ?**

(A) फर्रुखसियर (B) रफी-उद्-दराजत

**(C) मुहम्मदशाह** (D) रफो-उद्-दौला

व्याख्या-मुहम्मदशाह मुगल बादशाह रंगीला के नाम से जाना जाता है।

-सुन्दर युवतियों के प्रति अत्यधिक रुझान के कारण मुहम्मदशाह को रंगीला बादशाह कहा जाता था।

**15. गुरु नानक ने अपना उत्तराधिकारी किसे नियुक्त किया था ?**

(A) गुरु रामदास (B) गुरु अमरदास

(C) गुरु हरराय **(D) गुरु अंगद**

**व्याख्या-** गुरू नानक ने अपना उत्तराधिकारी गुरु अंगद को नियुक्त किया था।

-गुरू अंगद (सन् 1839-52 ई.) सिक्खो के दूसरे गुरू थे। इनका प्रारम्भिक नाम लहना था।

-गुरुमुखी लिपि का आरम्भ गुरु अंगद ने किया।

**16. खुसरो किस मुगल बादशाह का पुत्र था ?**

(A) अकबर **(B) जहाँगीर**

(C) शाहजहाँ (D) बहादुरशाह प्रथम

**व्याख्या-** खुसरो जहाँगीर मुगल बादशाह का पुत्र था। जहाँगीर का जन्म 30 अगस्त, 1569 ई. में हुआ| जहाँगीर के सबसे बड़े पुत्र खुसरो ने 1606 ई. में अपने पिता के विरुद्ध विदोह कर दिया।

**17. चार्ल्स वुड का आदेश-पत्र निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित था ?**

**(A) शिक्षा** (B) व्यापार

(C) प्रशासनिक सुधार (D) सैन्य सुधार

**व्याख्या-** चार्ल्स वुड का आदेश पत्र शिक्षा से सम्बन्धित था।

**18. विश्व पृथ्वी दिवस कब मनाया जाता है ?**

**(A) 22 अप्रैल** (B) 22 मार्च

(C) 07 अप्रैल (D) 07 मार्च

व्याख्या-विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल को मनाया जाता है

-यह आकार में पाँचवा सबसे बड़ा ग्रह है।

-जल की उपस्थिति के कारण इसे नीला ग्रह भी कहा जाता है-

-22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। 7 अप्रैल विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।

**19. निम्नलिखित में से किस प्रदेश में पिग्मी पाए जाते हैं ?.**

(A) सहारा (B) कालाहारी

**(C) विषुवतरेखीय वन** (D) पम्पास

व्याख्या- पिग्मी (कागो बेसिन) विषुवत्तीय रेखीय वन प्रदेश में पाये जाते है।

-अफ्रीका में बशमैन (कालाहारी), पिग्मी (कांगो बेसिन), बद्दू (सहारा मरुस्थल) में मिलने वाली प्रमुख जातियाँ हैं।

**20. ग्रेट बैरियर रीफ कहाँ पर स्थित है ?**

**(A) प्रशान्त महासागर में** (B) हिन्द महासागर में
(C) भूमध्य सागर में (D) अटलांटिक महासागर में

**व्याख्या-** ग्रेट बैरियर रीफ प्रशान्त महासागर में स्थित है।

-ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तटीय क्षेत्र में प्रख्यात मूंगे की चट्टाने ग्रेट बैरियर रीफ स्थित है।

**21. 'अल्फाल्फा' है-**

**(A) एक प्रकार की घास**(B) एक जनजाति
(C) एक पशु (D) एक नगर

**व्याख्या-** अल्फाल्फा एक प्रकार की घास है।

-उत्तरी अमेरिका के शीतोष्ण घास के मैदान को प्रेयरी कहते है।

**22. ओजोन पर्त को सर्वाधिक नुकसान पहुंचाने वाले प्रदूषक है-**

(A) हाइड्रो कार्बन (B) कार्बन डाइआक्साइड
(C) नाइट्रस आक्साइड **(D) क्लोरोफ्लुरोकार्बन**

**व्याख्या-** ओजोन पर्त नष्ट करने वाली गैस CFC (Chloro flworo carbon) है जो एयर कंडीशनर, रेफ्रीजरेटर आदि से निकलती है। यह सक्रिय Cl (क्लोरीन) की उपस्थिति के कारण होती है।

-ओजोन परत की मोटाई नापने में डायसन इकाई का प्रयोग किया जाता है।

-धरातल से 32 km से 60 km के मध्य ओजोन मण्डल है।

23. गरजती चालीसा, प्रचण्ड पचासा एवं चीखता साठा क्या है ?

(A) समुद्री तूफान
**(B) दक्षिणी गोलार्ध में पश्चिमी पवनें**
(C) उत्तरी गोलार्ध में पश्चिमी पवनें
(D) प्रशान्त महासागरीय धाराएं

**व्याख्या-**दक्षिणी गोलार्थ में पश्चिमी पवने यहाँ के इन अक्षांशों को गरजता चालीसा, प्रचण्ड पचासा तथा चीखता साठा कहा जाता है। ये सभी नाम नाविकों के दिये हुए है।

**24. निम्नलिखित में से कौन सा विश्व का 'कॉफी पोर्ट' कहलाता है ?**

(A) साओ पालो **(B) सेन्टोस**
(C) रियो डी जेनेरो (D) ब्यूनस आयर्स

**व्याख्या-**

-सेन्टोस विश्व का कॉफी पोर्ट कहलाता है।

-द. अमेरिका का ब्राजील विश्व में सर्वाधिक कॉफी उत्पादन करने वाला देश है।

-विश्व में कहवा का पात्र ब्राजील है। और विश्व में कहवा की मंडी साँओपालो है।

-ब्राजील का सेन्टोस बन्दरगाह कॉफी बन्दरगाह के नाम से जाना जाता है।

**25. समान वर्षा वाले क्षेत्र को जोड़ने वाली रेखा कही जाती है-**

(A) आइसोबार **(B) आइसोहाइट**
(C) आइसोथर्म (D) आइसोहैलाइन

**व्याख्या-** समान वर्षा वाले क्षेत्र को जोड़ने वाली रेखा आइसोहाइट कही जाती है।

**26. अलकनंदा और भागीरथी मिलती हैं-**

(A) विष्णु प्रयाग में **(B) देवप्रयाग में**

(C) कर्ण प्रयाग में (D) बद्रीनाथ में

**व्याख्या-** अलकनंदा और भागीरथी देव प्रयाग में मिलती है।

-उत्तराखण्ड के उत्तर काशी जिले में 3900 मी. की ऊंचाई पर गोमुख के निकट गंगोत्री हिमानी गंगा का उद्गम स्रोत है। यहाँ इसे भागीरथी कहते है।

-गंगा नदी का नाम गंगा देवप्रयाग के बाद पड़ता है। जहाँ अलकनंदा एवं भागीरथी आपस से मिलती है। गंगा हरिद्वार के मैदानी भाग में प्रवेश करती है।

**27. निम्नलिखित में से किस राज्य में सबरीमाला स्थित है ?**

(A) आन्ध्र प्रदेश (B) तमिलनाडु

**(C) केरल** (D) कर्नाटक

**व्याख्या-** सबरी माला-केरल राज्य में स्थित है।

28. **भारत के किस राज्य की सीमा नेपाल, भूटान और चीन तीन देशों से मिलती है ?**

(A) अरुणाचल प्रदेश (B) मेघालय

(C) पश्चिमी बंगाल **(D) सिक्किम**

**व्याख्या-** भारत के सिक्किम राज्य की सीमा नेपाल, भूटान और चीन तीन देशों में मिलती है।

**-भारतीय उपमहाद्वीप में सम्मिलित देश है**

-भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल व भूटान।

**-भारत एवं चीन की सीमा से सटे राज्य है**

-जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम तथा अरूणाचल प्रदेश।

**29. बैलाडिला किसके उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है ?**

**(A) लौह अयस्क** (B) बॉक्साइट

(C) कोयला (D) अभ्रक

**व्याख्या-** बैलाडिला-लोहा अयस्क उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।

-लोहा अयस्क में भारत का प्रथम स्थान है।

-झारखण्ड एवं ओडिशा राज्यों में देश का लगभग 75% लोहा प्राप्त होता है। भारत लोह अयस्क का निर्यात जापान चेक, स्लोवाकिया, इटली, श्रीलंका आदि को करता है।

**30. भारत में अभ्रक का सर्वाधिक उत्पादक राज्य है-**

(A) झारखण्ड (B) राजस्थान

(C) ओडिशा **(D) आन्ध्र प्रदेश**

**व्याख्या-** भारत में अभ्रक का सर्वाधिक उत्पादक राज्य आन्ध्रप्रदेश है।

-भारत में खनिजों के सर्वेक्षण एवं विकास के लिए जिओलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया जिसका मुख्यालय कोलकाता में है।

-अभ्रक-झारखंड (पलामू) गुजरात (खेड़ा) मध्य प्रदेश (कटनी, बालाघाट, जबलपुर), छत्तीसगढ़, (बिलासपुर)

31. **तालचिर प्रसिद्ध कोयला क्षेत्र है-**

(A) मध्य प्रदेश का (B) छत्तीसगढ़ का

(C) बिहार का **(D) ओडिशा का**

**व्याख्या-** ओडिशा का कोयला और तालचिर नाम से प्रसिद्ध है।

-कोयले के उत्पादन में भारत का स्थान विश्व में तीसरा है

-झारखंड (धनबाद, सिंहभूमि, गिरिडीट), उडिशा में (देवगढ़ तथा तिलचर), असम में (माकूम,बखीमपुर)

mppsctarget.com

**32. मानव विकास सूचकांक का आधार क्या है ?**

(A) स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, जीवन स्तर

(B) स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार

**(C) स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन स्तर**

(D) शिक्षा, रोजगार, जीवन स्तर

**व्याख्या-** मानव विकास सूचकांक का आधार स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन स्तर है।

**33. पाँचवीं पंचवर्षीय योजना का मूल उद्देश्य था-**

**(A) गरीबी हटाओ**

(B) सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार

(C) समावेशी विकास

(D) अपवर्जी विकास

**व्याख्या -** गरीबी हटाओ पाँचवीं पंचवर्षीय योजना का मूल उद्देश्य था

-इस योजना में पहली बार गरीबी तथा बेरोजगारी पर ध्यान दिया गया।

-योजना में सर्वोच्च प्राथमिकता कृषि को दी गई।

**34. द्वितीय पंचवर्षीय योजना किस मॉडल पर आधारित थी ?**

(A) सोलो मॉडल (B) डोमर मॉडल

(C) राबिन्सन मॉडल **(D) महालनोबिस मॉडल**

**व्याख्या-** द्वितीय पंचवर्षीय योजना पी. सी. महालनोबिस मॉडल पर आधारित है।

इसका मुख्य उद्देश्य-समाजवादी की समाज की स्थापना करना था।

-द्वितीय पंचवर्षीय योजना की शुरुआत सन् (1956-61 ई.) में हुई।

**35. भारतीय संविधान के अन्तर्गत प्रथम आम चुनाव किस वर्ष हुए ?**

(A) 1949 (B) 1950

**(C) 1952** (D) 1953

**व्याख्या-** वर्ष 1952 में भारतीय संविधान में अन्तर्गत प्रथम आम चुनाव हुए।

-राज्य सभा का पहली बार गठन 3 अगस्त 1952 ई. को किया गया था।

-प्रथम लोक सभा का गठन 6 मई, 1952 को हुआ

**36. संविधान को एक पवित्र दस्तावेज किसने कहा है ?**

**(A) बी. आर. अम्बेडकर** (B) महात्मा गाँधी

(C) दीनदयाल उपाध्याय (D) मो.अली जिन्ना

**व्याख्या-** बी. आर. अम्बेडकर ने संविधान को एक पवित्र दस्तावेज कहा है।

-संवैधानिक उपचारों के अधिकार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान की आत्मा कहा है।

**37. दलबदल निरोधक कानून किस संविधान संशोधन विधेयक से सम्बन्धित है ?**

(A) 15वाँ **(B) 52वाँ**

(C) 53वाँ (D) 54वाँ

**व्याख्या-** दल बदल निरोधक कानून 52वाँ संविधान संशोधन विधेयक से सम्बन्धित है।

-दसवीं अनुसूची -यह संविधान में 52वें संशोधन 1985 के द्वारा जोड़ी गई है। इसमें दल बदल से सम्बन्धित प्रावधानों का उल्लेख है।

-प्रथम लोक सभा का गठन 6 मई 1952 ई. को हुआ।

**38. भारत में संविधान का संरक्षक किसे कहा गया है ?**

(A) संसद (B) राष्ट्रपति

**(C) सर्वोच्च न्यायालय** (D) उपर्युक्त में से कोईनहीं

**व्याख्या-** भारत में संविधान का संरक्षक सर्वोच्च न्यायालय को कहा गया है। सर्वोच्च न्यायालय का उल्लेख अनुच्छेद 124 में किया गया है। जबकि उच्च न्यायालय का उल्लेख अनुच्छेद 214 में है। वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री तीरथ सिंह ठाकुर है।

**39. विदेशी व्यापार का भुगतान सम्बन्धित है-**

(A) आयात के गुणों से
(B) निर्यात के गुणों से
(C) विदेशी व्यापार गुणक से
**(D) भुगतान संतुलन से**

**व्याख्या-** विदेशी व्यापार का भुगतान, भुगतान सन्तुलन से सम्बन्धित है।

**40. सतत आर्थिक विकास से अभिप्राय है-**

**(A) वर्तमान पीढ़ी के विकास के साथ-साथ भविष्य का आर्थिक विकास**
(B) वर्तमान पीढ़ी का केवल आर्थिक विकास
(C) औद्योगिक विकास
(D) कृषि विकास

**व्याख्या-**सतत आर्थिक विकास से अभिप्राय वर्तमान पीढ़ी के साथ-साथ भविष्य का आर्थिक विकास से है।

41. **'नाबार्ड' सम्बन्धित है-**

(A) राष्ट्रीय कृषि विकास संस्था
(B) राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्था
**(C) राष्ट्रीय कृषि बैंक तथा ग्रामीण**
(D) राष्ट्रीय वित्तीय संस्था

**व्याख्या-** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास (नाबार्ड) मुम्बई, महाराष्ट्र अवस्थित भारत का एक शीर्ष बैंक है। इसे कृषि से जुड़े क्षेत्रों में, योजना और परिचालन के नीतिगत मामलों में तथा भारत के ग्रामीण अंचल की अन्य आर्थिक गतिविधियों के लिए मान्यता प्रदान की गई है। इसकी स्थापना राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक अधिनियम (1981 का 61वाँ) द्वारा 12 July, 1982 को की गई।

**42. लिखित संविधान का प्रारंभ किस देश से हुआ ?**

(A) जापान (B) भारत
(C) ब्रिटेन **(D) अमेरिका**

**व्याख्या-** लिखित संविधान का प्रारम्भ अमेरिका से माना जाता है। एक लिखित संविधान संवैधानिक निपटान, राजनैतिक प्रणाली और एक संहिताबद्ध रूप से नागरिकों और सरकारों का अधिनियम है।

**43. तारकुण्डे समिति का गठन किस उद्देश्य से किया गया था ?**

**(A) चुनाव सुधार**
(B) पंचायती राज में सुधार
(C) जिला प्रशासन में सुधार
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या-**तारकुण्डे समिती का गठन चुनाव सुधार के उद्देश्य से किया गया था। तारकुण्डे समिति (1974-75) का गठन स्वतंत्र संस्था सिटिजंस ऑफ डेमोक्रेसी की ओर से जयप्रकाश नारायण ने चुनाव सुधार हेतु किया था।

**44. वित्त आयोग एवं योजना आयोग के परस्पर विलय का प्रस्ताव किसने दिया था ?**

(A) डी. डी. बसु (B) भालचंद्र गोस्वामी
**(C) एम. वी. माथुर** (D) आशुतोष पाण्डेय

**व्याख्या-**वित्त आयोग एवं योजना आयोग के परस्पर विलय का प्रस्ताव एम. वी. माथुर ने दिया था।

**45. केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का अध्यक्ष कौन है ?**

(A) राष्ट्रपति (B) उपराष्ट्रपति
(C) प्रधान मंत्री (D) पर्यावरण मंत्री

**व्याख्या-**केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का वर्तमान अध्यक्ष श्री अरुण कुमार मेहता है। **टिप्पणी-यह प्रश्न लोक सेवा आयोग द्वारा अमान्य घोषित किया गया तथा प्रश्न पत्र से इसे निरस्त कर दिया गया।**

**46. इनमें से कौन नवीनीकृत संसाधन नहीं है ?**

(A) जल की ऊर्जा (B) सूर्य की ऊर्जा
(C) पृथ्वी की ऊर्जा **(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं**

**व्याख्या-**नवीनीकृत साधन उपरोक्त में से कोई नहीं।

**47. कौन जलवायु परिवर्तन का संकेतक नहीं है ?**

(A) वानस्पतिक संकेतक
(B) हिमीय संकेतक
(C) विवर्तनीय संकेतक
**(D) दीर्घकालीन परिवर्तन**

**व्याख्या-**दीर्घकालीन परिवर्तन जलवायु परिवर्तन का संकेतक नहीं है।

**48. निम्न में से कौन सामाजिक प्रदूषण नहीं है ?**

(A) गरीबी (B) साम्प्रदायिक दंगा
(C) बलात्कार **(D) कृषि प्रदूषण**

**व्याख्या-**कृषि प्रदूषण सामाजिक प्रदूषण नहीं है, जबकि गरीबी, साम्प्रदायिक दंगा व बलात्कार सामाजिक प्रदूषण है।

**49. कौन-सा भाग सुनामी प्रभावित क्षेत्र नहीं है ?**

(A) बर्मा (म्यांमार) का तटीय क्षेत्र
(B) **गुजरात का तटीय क्षेत्र**
(C) बंगाल की खाड़ी का तटीय क्षेत्र
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या-**गुजरात के तृतीय क्षेत्र को छोड़कर बाकी सभी क्षेत्र सुनामी प्रभावित क्षेत्र है।

**50. 'सर्वाधिक लवणता' किस सागर में पायी जाती है ?**

**(A) मृत सागर** (B) लाल सागर
(C) हिन्द महासागर (D) अरब सागर

**व्याख्या** -सर्वाधिक लवणता मृत सागर में 34.2% पाई जाती है।

**51. वर्ष 1990 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति राष्ट्रीय आयोग की रिपोर्ट के अनुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अत्याचार का कारण नहीं है ?**

(A) भूमि निर्वसन (B) बंधुआ मजदूरी
**(C) ऋणग्रस्तता** (D) धार्मिक कारण

**व्याख्या-**वर्ष 1990 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति राष्ट्रीय आयोग की रिपोर्ट के अनुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अत्याचार का कारण ऋणग्रस्तता नहीं है।

**52. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के किस अधिनियम के अन्तर्गत अत्याचार निवारण कानून लागू किया गया ?**

(A) अधिनियम 1990 **(B) अधिनियम 1989**
(C) आधनियम 1992 (D) अधिनियम

**व्याख्या-**अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति अधिनियम || 1989 के अन्तर्गत अत्याचार निवारण कानून लागू किया गया।

**53. अनुसचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति को किस 'अनचछेद' के अन्तर्गत मौलिक, सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक तथा सांस्कृतिक अधिकार दिया गया ?**

(A) अनुच्छेद 20 (B) अनुच्छेद 19

(C) अनुच्छेद 18 **(D) अनुच्छेद 17**

**व्याख्या-**अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति को अनुच्छेद 17 के अन्तर्गत मौलिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तथा सांस्कृतिक अधिकार दिया गया।

**54. सतत विकास का आधार है-**

(A) सामाजिक दृष्टिकोण

(B) आर्थिक दृष्टिकोण

(C) पर्यावरणीय दृष्टिकोण

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**टिप्पणी-** यह प्रश्न लोक सेवा आयोग द्वारा अमान्य घोषित किया गया तथा प्रश्न पत्र से इसे निरस्त कर दिया गया।

**55. निम्न में से कौनसा प्राथमिक रंग नहीं है ?**

**(A) काला** (B) पीला

(C) लाल (D) नीला

**व्याख्या-**काला रंग प्राथमिक रंग नहीं है। जबकि बाकी के सभी रंग प्राथमिक रंग है।

**56. किसने आविष्कार किया कि पेड़-पौधों में जीवन है ?**

(A) रोबर्ट कोच **(B) जे. सी. बोस**

(C) बेन्जामिन फैकलिन(D) लईस पाश्चर

**व्याख्या-**पेड़-पौधों में जीवन का अविष्कार जे. सी. बोस ने किया था।

**57. एक बाईट में कितने बिट्स होते हैं ?**

(A) 2 **(B) 8**

(C) 10 (D) 16

**व्याख्या-**एक बाईट में 8 bit होते है।

एक बाइट दो निबल से मिलकर बनती है।

1 Byte = 8bit

1 KB = 1024Byte

1 MB = 1024 KB

1GB = 1024 MB

**58. न्यूनतम मेमोरी साइज की इकाई चुनिए :**

**(A) के बी** (B) एम बी

(C) जी बी (D) टी बी

**व्याख्या-**उक्त विकल्प के अनुसार मेमोरी का न्यूनतम साइज KB (Kilo Byte) है, जबकि मेमोरी का न्यूनतम साइज bit होता है।

**59. बाइनरी भाषा कितने अंकों की बनी है ?**

**(A) 2** (B) 3

(C) 4 (D) 16

**व्याख्या-** बाइनरी भाषा 2 अंकों से मिलकर बनती है। कम्प्यूटर बाइनरी भाषा में कार्य करता है। इसे मशीन भाषा भी कहते है।

**60. निम्नलिखित में से कौन सबसे बड़ा, सबसे तेज एवं सबसे महँगा कम्प्यूटर है ?**

(A) पर्सनल कम्प्यूटर **(B) सुपर कम्प्यूटर**

(C) लेपटॉप (D) नोटबुक

**व्याख्या-**सुपर कम्प्यूटर सबसे बड़ा, तेज, व महंगा कम्प्यूटर होता है। इसकी कार्य क्षमता बहुत उच्च होती है।

**61. भारतीय सुपर कम्प्यूटर का जनक कौन कहलाता है ?**

(A) रघुनाथ माशेलकर
**(B) विजय भाटकर**
(C) जयंत नार्लिकर
(D) नंदन नीलेकणी

**व्याख्या-**भारतीय सुपर कम्प्यूटर के जनक विजय भाटकर है। इन्होंने परम सीरीज के सुपर कम्प्यूटर का आर्किटेक्ट तैयार किया था।

62. निम्नलिखित में से कौन सी कम्प्यूटर भाषा नहीं है ?

(A) बेसिक
(B) सी++
(C) जावा
**(D) पेंट ब्रश**

**व्याख्या-**पेंट ब्रश कम्प्यूटर की भाषा नहीं है। यह एक एपलीकेशन है। जबकि बैसिक, CH, व जावा ये सभी प्रोग्रामिंग भाषाएं हैं। जिनका उपयोग Software बनाने में किया जाता है।

**63. कम्प्यूटर निम्न में से कौन सा कार्य नहीं करता ?**

(A) कम्प्यूटिंग
(B) प्रोसेसिंग
**(C) अंडरस्टेडिंग**
(D) आउटपुटिंग

**व्याख्या-**कम्प्यूटर अंडरस्टेडिंग का कार्य नहीं करता है। क्योकि इसका कोई दिमाग नहीं होता है। कम्प्यूटिंग (गणना), प्रोसेसिंग और आउटपटिंग आदि कार्य कम्प्यूटर द्वारा किए जाते है।

**64. कम्प्यूटर में जहाँ ऐसेसरीज़ जुड़ती हैं उसे कहते हैं।**

**(A) पोर्ट**
(B) रिंग
(C) बस
(D) जिप

**व्याख्या-**कम्प्यूटर में जहाँ ऐसेसरीज जुड़ती है उसे पोर्ट। कहा जाता है। कम्प्यूटर में बहुत से पोर्ट होते हैं। जैसे-USB Port

**65. प्रथम पृष्ठ जो सामान्यतः आप वेबसाइट पर देखते हैं वह होता है इसका-**

**(A) गृह पृष्ठ**
(B) मुख्य पृष्ठ
(C) प्रथम पृष्ठ
(D) पताका पृष्ठ

**व्याख्या-**Website का पहला पेज Home Page (ग्रह पृष्ठ) कहलाता है।

**66. निम्नलिखित में से किस स्थान पर 2016 के ग्रीष्म ओलम्पिक खेल प्रस्तावित हैं ?**

**(A) रियो डी जेनेरो**
(B) ग्लासगो
(C) एथेन्स
(D) डर्बन

**व्याख्या-**2016 के ग्रीष्म ओलम्पिक खेल रियो डी जेनेरो (ब्राजील) में प्रस्तावित है।

**67. 2015 की विम्बल्डन चैम्पियनशिप में पुरुष एकल का विजेता कौन था ?**

(A) फेडरर
**(B) नोवाक जोकोविक**
(C) राफेल नडाल
(D) एंडी मरे

**व्याख्या-**2015 की विम्बलडन चैम्पियनशिप में पुरुष एकल का विजेता नोवाक जोकोविक थे। इन्होंने रोजर फेडरर को हराया था।

**68. मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है ?**

(A) ग्वालियर
**(B) इन्दौर**
(C) भोपाल
(D) जबलपुर

**व्याख्या-**मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ का मुख्यालय इन्दौर में स्थित है।

**69. संध्या अग्रवाल का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस खेल से है ?**

(A) हॉकी
**(B) क्रिकेट**
(C) चेस
(D) टेबिल टेनिस

**व्याख्या-**संध्या अग्रवाल का सम्बन्ध क्रिकेट से है।

**70. राष्ट्रीय खेल दिवस निम्नलिखित में से किस दिन मनाया जाता है ?**

**(A) 29 अगस्त** (B) 29 जुलाई
(C) 20 सितम्बर (D) 29 सितम्बर

**व्याख्या-**राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को मनाया जाता है। यह ध्यानचंद के जन्मदिवस पर मनाया जाता है।

**71. एक पोलो टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं ?**

**(A) 4** (B) 7
(C) 8 (D) 6

**व्याख्या-**एक पोलो टीम में 4 खिलाड़ी होते है।

**72. नरेन्द्र हिरवानी ने किस टीम के विरुद्ध एक टेस्ट मैच में क्रिकेट लिए थे ?**

(A) इंग्लैंड **(B) वेस्टइंडीज**
(C) पाकिस्तान (D) बांग्लादेश

**व्याख्या-**नरेन्द्र हिरवानी ने वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ | एक टेस्ट मैच में 16 विकेट लिए थे।

**73. ऐशबाग स्टेडियम किस शहर में स्थित है ?**

(A) इंदौर (B) ग्वालियर
**(C) भोपाल** (D) जबलपुर

**व्याख्या-**ऐशबाग स्टेडियम भोपाल में स्थित है।

**74. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 किस तिथि को लागू किया गया ?**

**(A) 28 सितम्बर, 1993** (B) 25 अक्टूबर, 1993
(C) 17 नवम्बर, 1993 (D) 31 दिसम्बर, 1993

**व्याख्या-**मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 को 28 September, 1993 को लागू किया गया था। यह गणतंत्र के 44वें वर्ष लागू हुआ था।

**75. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 का क्या उद्देश्य था ?**

(A) मानव अधिकारों को बेहतर संरक्षण
(B) मानव अधिकार सुरक्षा आयोग का गठन
(C) राज्य में मानव अधिकार सरक्षा आयोग का गठन
**(D) उपर्युक्त सभी**

**व्याख्या-**मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 का उद्देश्य मानव अधिकारों का बेहतर संरक्षण, मानव अधिकार संरक्षा आयोग का गठन तथा राज्य में मानव अधिकार सुरक्षा आयोग का गठन करना आदि है।

**76. राष्ट्रपति द्वारा 1993 में मानवाधिकार संरक्षण अध्यादेश संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत जारी किया गया था ?**

**(A) अनुच्छेद 123** (B) अनुच्छेद 124
(C) अनुच्छेद 125 (D) अनुच्छेद 127

**व्याख्या-**राष्ट्रपति द्वारा 1993 में मानवाधिकार संरक्षण अध्यादेश संविधान के अनुच्छेद 123 के अन्तर्गत जारी किया गया था।

**77. रानी दुर्गावती ने म. प्र. के किस क्षेत्र में शासन किया ?**

**(A) गोंडवाना** (B) महाकौशल
(C) विन्ध्य प्रदेश (D) ग्वालियर

**व्याख्या-**रानी दुर्गावती ने म. प्र. के गोंडवाना क्षेत्र में शासन किया। इनका जन्म 5 Oct 1524 को बान्दा (उत्तरप्रदेश) में व मृत्यु 24 June, 1564 को जबलपुर (म. प्र.) में हई। ये चंदेल वंश की साथ हुआ था। इनका विवाह गौड वंश के संग्राम शाह के पुत्र दलपत शाह के साथ हुआ था

**78. सेंधवा में किसके नेतत्व में आदिवासियों ने आन्दोलन किया था ?**

**(A) भीमा नायक** (B) कोंडू

(C) गंजनसिंह (D) वीरसा

**व्याख्या-**सेंधवा में भीमा नायक के नेतृत्व में आदिवासियों ने आन्दोलन किया था।

**79. भील जनजाति भारत में सबसे अधिक पायी जाती है।**

(A) राजस्थान में (B) गुजरात में

**(C) मध्य प्रदेश में** (D) महाराष्ट्र में

**व्याख्या-**भील जनजाति भारत में सबसे अधिक मध्यप्रदेश में पाई जाती है। भील मध्यप्रदेश में घार, अलीराजपुर, झाबुआ, खरगोन, खण्डवा आदि जिलों में पाए जाते हैं । मध्यप्रदेश में कुल 46 जनजातियाँ है। ST की जनसंख्या मध्यप्रदेश की जनसंख्या का 21.1% है।

**80. 73वें संविधान संशोधन का अभिपालन करने वाला पहला राज्य है-**

**(A) मध्य प्रदेश** (B) पंजाब

(C) आंध्र प्रदेश (D) राजस्थान

**व्याख्या-**73वें संविधान संशोधन का अभिपालन करने | वाला पहला राज्य मध्यप्रदेश है।

**81. मध्य प्रदेश शासन द्वारा संगीत के क्षेत्र में दी जाने वाली फेलोशिप कौन सी है ?**

(A) श्रीकान्त वर्मा **(B) अलाउद्दीन खाँ**

(C) चक्रधर सिंह (D) अमृता शेरगिल

**व्याख्या-**मध्यप्रदेश शासन द्वारा संगीत के क्षेत्र में दी जाने । वाली फेलोशीप अलाउद्दीन खाँ फेलोशीप है । **टिप्पणी-**यह प्रश्न लोक सेवा आयोग द्वारा अमान्य घोषित किया गया तथा प्रश्न पत्र से इसे निरस्त कर दिया गया।

**82. विष्णु चिंचालकर कौन थे ?**

**(A) चित्रकार** (B) शिल्पकार

(C) कहानीकार (D) साहित्यकार

**व्याख्या-**विष्ण चिंचालकर एक चित्रकार थे। इनका जन्म 5 September, 1917 को आलोट गाँव देवास MP में हुआ था। इन्हें म. प्र. शिखर सम्मान 1984 में प्राप्त हुआ। MPPSC द्वारा विलोपित किया गया।

**83. सन्त सिंगाजी म. प्र. के किस क्षेत्र के निवासी थे ?**

(A) बुन्देलखण्ड (B) बघेलखण्ड

(C) मालवा **(D) निमाड़**

**व्याख्या-** संत सिंगाजी म. प्र. के निमाड़ क्षेत्र के निवासी थे।

84. **"म. प्र. पशुचिकित्सा एवं पशुपालन वि. वि." कहाँ स्थित है ?**

(A) महू **(B) जबलपुर**

(C) सागर (D) रीवा

**व्याख्या-** म. प्र. पशु चिकित्सा एवं पशुपालन वि. वि. जबलपुर में स्थित है।

**85. गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार किस क्षेत्र से संबंधित है ?**

(A) खेल (B) उत्कृष्ट समाज सेवा

(C) संगीत **(D) पत्रकारिता**

**व्याख्या-**गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार पत्रकारिता के क्षेत्र में दिया जाता है।

**86. म. प्र. में करेन्सी प्रिंटिंग प्रेस कहाँ है ?**

**(A) देवास** (B) नीमच

(C) होशंगाबाद (D) गुना

**व्याख्या-**म. प्र. में करेन्सी प्रिंटिंग प्रेस देवास में स्थित है।

**87. धूपगढ़ चोटी स्थित है-**

**(A) सतपुड़ा रेंज में**

(B) मैकाल रेंज में

(C) विंध्य रेंज में

(D) इनमें से किसी में नहीं

**व्याख्या-**धूपगढ़ चोटी सतपुड़ा रेंज में स्थित है। इसकी | ऊँचाई 1350m है। यह चोटी पचमढ़ी में स्थित है।

**88. 'बिखरे मोती' के रचयिता हैं-**

(A) मुक्तिबोध (B) अज्ञेय

**(C) सुभद्राकुमारी चौहान** (D) दिनकर सोनवलकर

**व्याख्या-**बिखरे मोती के रचयिता सुभद्रा कुमारी चौहान है। इनकी अन्य कविताएँ है-त्रिधारा, सीधे-साधे चित्र (1946) मेरा नया बचपन (1946), वीरों का कैसा हो बसंत, आदि है।

**89. नौकायन के क्षेत्र में मध्य प्रदेश से अर्जुन अवार्ड प्राप्त कौन है ?**

**(A) जी. एल. यादव** (B) शिवेन्द्र सिंह

(C) सुनील कीर (D) रूपसिंह मल्लाह

**व्याख्या-**नौकायान के क्षेत्र में मध्यप्रदेश से अर्जुन अवार्ड जी. एल. यादव को मिला था।

**90. माउण्ट एवरेस्ट शिखर पर चढ़ने वाली पहली महिला थी-**

**(A) जिंको ताईयी** (B) कारोलिन मिकेलसन

(C) वेलेटिना टेरेस्कोवा (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या-**माउण्ट एवरेस्ट शिखर पर चढ़ने वाला। महिला जंको ताईबी थी। इन्होंने 16 May, 1975 का पर विजय प्राप्त की।

91. 'फेथोमीटर का उपयोग किसे नापने में किया जाता है ?

(A) भूकम्प (B) वर्षा

**(C) समुद्र की गहराई** (D) ध्वनि तीव्रता

**व्याख्या-**फेथोमीटर का उपयोग समुद्र की गहराई को मापने में करते हैं।

**92. भारतीय वन अनुसंधान संस्थान की क्षेत्रीय अनुसंधान शाखा मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थित है ?**

(A) बैतूल **(B) जबलपुर**

(C) इन्दौर (D) मण्डला

**व्याख्या-**भारतीय वन अनुसंधान संस्थान की क्षेत्रीय अनुसंधान शाखा मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में स्थित है।

**93. माइक्रोस्कोप का प्रयोग निम्नलिखित में से किसके अध्ययन करने में किया जाता है ?**

(A) दूर की वस्तुएँ

(B) पास की वस्तुएँ

(C) छोटी वस्तुएँ

**(D) सूक्ष्म एवं पास की वस्तुएँ**

व्याख्या-माइक्रोस्कोप का प्रयोग सूक्ष्म एवं पास की वस्तुएँ को अध्ययन करने में किया जाता है।

**94. किस रक्त समूह का व्यक्ति सार्वभौमिक प्रदाता हो सकता है ?**

**(A) 0** (B) A

(C) B (D) AB


Contact no:-0522-4334408, 6307281212 6307281212, Email id: smartwayeducation.in@gmail.com
MM-4/34,VINAY KHAND-4, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, U.P. 226010

**व्याख्या-**रक्त समूह 0 का व्यक्ति सार्वभौमिक प्रदाता है।

**95. दूध के घनत्व को किसके द्वारा मापा जाता है ?**

**(A) लैक्टोमीटर** (B) हाइड्रोमीटर
(C) बैरोमीटर (D) हाइग्रोमीटर

**व्याख्या-**दूध के घनत्व को लैक्टोमीटर द्वारा मापा जाता है

**96. भूकम्प की तीव्रता किससे मापी जाती है ?**

(A) बैरोमीटर (B) हाइड्रोमीटर
(C) पोलीग्राफ **(D) सिस्मोग्राफ**

**व्याख्या-**भूकम्प की तीव्रता सिस्मोग्राफ द्वारा मापी जाती है

**97. एलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने खोज की-**

**(A) पेनिसिलीन** (B) एक्स-रे
(C) शोमाइसीन (D) टेलीफोन

**व्याख्या-**एलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने पेनिसिलीन की खोज की थी।

**98. वर्ष का सबसे बड़ा दिन कौन सा होता है ?**

(A) 21 मई **(B) 21 जून**
(C) 22 दिसम्बर (D) 25 दिसम्बर

**व्याख्या-**वर्ष का सबसे बड़ा दिन 21 जून को होता है।

**99. गांधी शांति पुरस्कार 2013 का विजेता है-**

(A) एक संगीतज्ञ (B) एक लोक कलाकार
(C) एक चित्रकार **(D) एक पर्यावरणविद्**

व्याख्या-गांधी शांति पुरस्कार 2013 के विजेता एक पर्यावरणविद है।

**100. 11 अक्टूबर, 2014 को लोकनायक जय प्रकाश नारायण के जन्मदिवस की वर्षगाँठ पर कौन से कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया ?**

(A) स्वच्छ भारत अभियान
(B) (B) डिजिटल इंडिया
(C) प्रधान मंत्री जन-धन योजना
**(D) सांसद आदर्श ग्राम योजना**

**व्याख्या-**11 अक्टूबर 2014 को लोकनायक जय प्रकाश नारायण के जन्म दिवस की वर्षगाँठ पर सांसद आदर्श ग्राम योजना कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया।

mppsctarget.com